# कार्यालय वन मंडलाधिकारी,पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

E-mail ID :: dfotwchwara@mp.gov.in Fax (07162)246996

क्रमांक/मा.चि./2022/ 1167 छिन्दवाड़ा दिनांक 4/5/2022

प्रति,

संभागीय प्रबंधक
एमपीआरडीसी
छिन्दवाडा

विषय :— छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत शासन की एडीबी – 6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हरई–बिजोरी मार्ग(राज्यमार्ग क्र–41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे0 वन भूमि के संबंध में।

संदर्भ :— उपवनमंडलाधिकारी तामिया सा0 उपवनमंडल के पत्र क्रमांक 1552 दिनांक 23.04.2022 एवं वनपरिक्षेत्राधिकारी तामिया के पत्र क्रमांक 567 दिनांक 18.04.2022

——00——

विषयांकित पत्र के तारतम्य में लेख है कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल परिक्षेत्र तामिया अंतर्गत संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी द्वारा एडीबी–6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हरई–बिजोरी मार्ग (राज्यमार्ग क्र–41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे0 भूमि हेतु प्रकरण ऑनलाईन प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण में प्रस्तावित मार्ग का स्थल निरीक्षण दिनांक 02.04.2022 को वन विभाग एवं आपके अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा किया गया। संयुक्त स्थल निरीक्षण में पाया गया कि सातलवा बीट के कक्ष क्रमांक पी 192 बी के वन क्षेत्र से लगा 400 मी0 लंबाई , चौड़ाई 9 मी0 (रकबा 0.36 हे0) में रोड के एक तरफ उन्नयन कार्य होगा। जिसका अक्षांश देशांस दिया गया है। वन कक्ष क्रमांक पी 192 बी की मार्ग की के.एम.एल. का परीक्षण करने में पाया गया कि वन क्षेत्र 100 मी0 आ रहा है।

ऑनलाईन आवेदन में मार्ग का रकबा 0.18 हे0 उल्लेखित किया गया है। जो कि स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार रकबा 0.36 हे0 ऑनलाईन करने पर पार्ट–1 में पूर्व से उल्लेखित रकबे 0.18 हे0 से अधिक होने के कारण ऐरर आ रही है।

अतः उपवनमंडलाधिकारी तामिया के साथ मिलकर स्थल निरीक्षण किया जाकर स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ प्रभावित वन भूमि का प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा

पृष्ठा.क्रमांक/मा.चि/2022/ 1168 छिंदवाड़ा, दिनांक 4/5/22

प्रतिलिपि :— 1. उपवनमंडलाधिकारी तामिया सा0 उपवनमंडल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। प्रकरण में प्रस्तावित मार्ग का स्थल निरीक्षण दिनांक 02.04.2022 को वन विभाग एवं आवेदक विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा किया गया। संयुक्त स्थल निरीक्षण में पाया गया कि सातलवा बीट के कक्ष क्रमांक पी 192 बी के वन क्षेत्र से लगा 400 मी0 लंबाई , चौड़ाई

9 मी0 (रकबा 0.36 हे0) में रोड के एक तरफ उन्नयन कार्य होगा। वन कक्ष क्रमांक पी 192 बी की मार्ग की के.एम.एल. का परीक्षण करने में पाया गया कि वन क्षेत्र 100 मी0 आ रहा है। अतः मौके पर जाकर आवेदक विभाग के साथ मिलकर स्थल निरीक्षण किया जाकर स्पष्ट प्रतिवेदन आपके अभिमत सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

2. वनपरिक्षेत्र अधिकारी तामिया (सा.) वनपरिक्षेत्र की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा**

Dfo_West//Shoaib//cover 2022